दिन–गुरूवार दिनांक– 09 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया।

02. नीतीश मंत्रिमंडल का खरमास के बाद विस्तार होने की संभावना। मंत्रिमंडल में भाजपा से नये चेहरों को मिल सकती है जगह।

03. राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने पूर्णिया विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में नये कुलपतियों की नियुक्ति की।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले तीन दिनों में ठंड से मिल सकती है मामूली राहत। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। श्री मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल लोकतंत्र की जननी है, बल्कि लोकतंत्र हमारी जीवन शैली में समाहित है।

———बाईट———

हम सिर्फ मदर ऑफ डेमोक्रेसी ही नहीं हैं, बल्कि डेमोक्रेसी हमारी लाइफ का हिस्सा है। हमें डायवर्सिटी सिखानी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही डायवर्सिटी से चलता है। इसलिए भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां की सोसायटी के साथ जुड़ जाते हैं और इन सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और जल्द ही प्रवासी भारतीय एयरक्राफ्ट बनाने में मेड इन इंडिया कार्यक्रम में योगदान करेंगे।

———बाईट———

आज भारत का हर सेक्टर आसमान की उंचाई छूने के लिए आगे बढ़ रहा है। रिन्यूऐबल एनर्जी हो, एविऐशन ईकोसिस्टम हो, इलेक्ट्रिक मोबेलिटी हो, मेट्रो का विशाल नेटवर्क हो, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट हो, भारत की प्रगति की गति सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। आज भारत मेड इन इंडिया फाइटर जैट बना रहा है। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बना रहा है और वो दिन भी दूर नहीं जब आप इसी मेन इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आएंगे।

प्रधानमंत्री ने भारत की युवा आबादी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य जोर देश के युवाओं के कौशल को उन्नत बनाने और उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग करने पर है।

———बाईट———

आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे यंग और स्किल पोपुलेशन वाला देश बना रहेगा। दुनिया के अनेक देश अब भारत के स्किल यूथ का दोनों हाथों से स्वागत कर रहे हैं। ऐसे में भारत सरकार का भी प्रयास है कि कोई भी भारतीय विदेश जाएं वो बेहतरीन स्किल के साथ ही जाएं।

————————————————————————————

नीतीश मंत्रिमंडल का खरमास के बाद विस्तार होने की संभावना है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा से नये चेहरों को जगह मिल सकती है। वहीं, भाजपा के जिन मंत्रियों के पास एक से अधिक विभाग हैं, उन्हें कम कर कैबिनेट में शामिल होने वाले नये मंत्रियों के बीच बांटों जायेंगें। कई विभागों के मंत्रियों के बदले जाने की भी संभावना है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि खरमास के बाद मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा होगी।

———बाईट———

फिलहार बिहार सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत तीस मंत्री है। विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के अनुसार छत्तीस मंत्री हो सकते हैं। इस हिसाब से मंत्रियों के छह पद रिक्त है।

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा इंडिया गठबंधन को लेकर दिए गए बयान के बाद कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान ने कहा कि कांग्रेस अखिल भारतीय पार्टी है। कई राज्यों में पार्टी

अलग–अलग चुनाव लड़ती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि जिस उद्देश्य से इंडिया गठबंधन बना था, वह समाप्त हो गया है।

–––बाईट–––

गौरतलब है कि कल तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा था कि इंडिया गठबंधन सिर्फ वर्ष दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिए बना था।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए आज एनडीए से जद–यू के ललन प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र भरा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में ललन प्रसाद ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसपर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद इस सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने चार विश्वविद्यालयों में नये कुलपति की नियुक्ति की है। राजभवन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार संजय कुमार को मुंगेर विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। वहीं, विवेकानन्द सिंह को पूर्णियां विश्वविद्यालय और रवीन्द्र कुमार को नालंदा खुला विश्वविद्यालय, राजगीर का कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉक्टर इन्दरजीत सिंह को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का नया कुलपति नियुक्त किया गया है।

———————————————————————

देश में एचएमपीवी वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलो को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एम्स नई दिल्ली के इंटरनल मेडिसिन विभाग के डॉक्टर

नीरद निश्चल ने कहा कि एचएमपीवी की तुलना कोविड नाइनटीन से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह वायरस पुराना है।

———बाईट———

————————————————————————————————

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से टीबी रोग समाप्त करने के लिए जेलों और सुधार संस्थानों में सौ दिन का अभियान शुरू करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में टीबी रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

————————————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। अधिकांश स्थानों के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।  मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाइट———

————————————————————————————————

ठंड को देखते हुए समस्तीपुर जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक के वर्ग संचालन पर चौदह जनवरी तक रोक लगा दी है। इस अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी संचालन नहीं होगा।

————————————————————————————————

और अब बात प्रयागराज महाकुंभ की–

उत्तर प्रदेश के अस्थायी जिले, महाकुंभ नगर में महाकुंभ की तैयारियां अंतिम चरण में है। हमारे संवाददाता ओम अवस्थी ने बताया कि मेले में बडी संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

तेरह जनवरी से शुरू हो रहे सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ में 45 दिनों में करीब 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। ऐसे में श्रद्धालुओं को एक बेहतरीन आध्यात्मिक अनुभव देने के लिए सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। महाकुंभ में आने वाले भक्त आसानी से संगम में स्नान कर सकें, इसके लिए संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। मेला अधिकारी अभिनव पाठक ने बताया कि संगम तट पर गंगा और यमुना के किनारे सात पक्के घाट बनाए गए हैं। इनमें गंगा नदी के दशाश्वमेध घाट, काली घाट, छतनाग घाट समेत यमुना नदी के किला घाट, सरस्वती घाट, मोरी घाट और महेवा घाट शामिल हैं। सभी घाटों पर चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। हर घाट पर डमरु, त्रिशूल जैसे अलग–अलग प्रतीक चिन्ह लगाए गए हैं, ताकि घाटों को लोग आसानी से पहचान सकें। इसके अलावा लोगों की सुरक्षा के लिए वॉच टावर लगाए गए हैं। सुरक्षित स्नान के लिए वॉटर बैरिकेडिंग के साथ जल पुलिस को भी तैनात किया गया है। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।

महाकुंभ का आयोजन तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक प्रयागराज में होगा।

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडे ने आज पटना स्थित कृषि भवन में मीडिया सेंटर और बिहार कृषि रेडियो का उद्‍घाटन किया। बिहार कृषि रेडियो के द्वारा किसानों को खेती, मौसम और बाजार से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज जहानाबाद जिले के काको गांव में दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी, कवि और समाजसेवी लतीफ शम्सी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। लतीफ शम्सी का नब्बे वर्ष की आयु में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी उनके निधन पर गहरी संवेदना जताई है।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने औरंगाबाद स्थित सच्चिदानंद सिंह महाविद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी मनोज सिंह के आवास पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी

के अनुसार आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह छापेमारी की गई है। छापेमारी से पहले जांच एजेंसी ने महाविद्यालय से भी कई कागजात जब्त किए।

——————————————————————————

लखीसराय जिले के शहीद जितेन्द्र हॉल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों महिलाएं एक पैसेंजर ट्रेन से उतरी थीं। तभी दूसरे ट्रैक पर आ रही हमसफर ट्रेन की चपेट में आ गईं।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन जाकर मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कैबिनेट विस्तार को लेकर राज्यपाल के साथ चर्चा की है। माना जा रहा है कि पन्द्रह जनवरी के बाद नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है।

——————————————————————————

सुपौल जिले की एक अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में नेपाल के तीन नागरिकों को दो—दो वर्ष कारावास और बीस—बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

——————————————————————————

किशनगंज पुलिस ने एक फाइनांस कंपनी का पैसा लेकर भागने के मामले में आरोपी संजय राय को गिरफ्तार कर लिया है।

——————————————————————————

मधुबनी जिले के अलग—अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया।

02. नीतीश मंत्रिमंडल का खरमास के बाद विस्तार होने की संभावना। मंत्रिमंडल में भाजपा से नये चेहरों को मिल सकती है जगह।

03. राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने पूर्णिया विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में नये कुलपतियों की नियुक्ति की।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले तीन दिनों में ठंड से मिल सकती है मामूली राहत। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना।

———————————————————————————

समाप्त